# Govt Ghanshyam Singh Gupt PG College Balod

## National Service Scheme

# One Days Spacial Camp

# गोद ग्राम – मेड़की

ग्राम पंचायत – ओरमा , वि.ख. – बालोद , जिला – बालोद (छ.ग.)

## दिनांक – 05 / 12 / 2025

थीम – भारत के सतत विकास के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा




शासकीय महाविद्यालय बालोद से गोद ग्राम–मेड़की प्रस्थान








गोद ग्राम मेड़की में सरपंच मंजूलता परस साहू , ग्राम के वरिश्ठ नागरिक , रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जी. एन. खरे व समस्त स्वयंसेवको के साथ गली भ्रमण करते हुए , जागरूकतापूर्ण नारा वाचन और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता कार्य ।










## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशा उन्मूलन संबंधित संदेश एवं समाजिक मुद्दो पर व्याख्यान











ग्राम पंचायत ओरमा मे सरपंच मंजूलता परस साहू द्वारा पंचायत बॉडी , महाविद्यालय के स्टाफ और रासेयो स्वयंसेवको को नशा उन्मूलन का शपथ दिलाते हुए ।








रासेयो स्वयंसेवको द्वारा ग्राम पंचायत ओरमा में नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक व जागरूकता रैली









रात्रि में सांस्कृतिक कार्यकम के दौरान अतिथि सम्मान एवं रासेयो स्वयंसेवको द्वारा जागरूकता पूर्ण नृत्य प्रस्तुति




शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू को समाजिक कार्य में एवं महाविद्यालय में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने तथा राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर महाविद्यालय का , छ.ग. का प्रतिनिधित्व करने पर विशेष सम्मान ।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम





भोजन व्यवस्था




जागरूकता रैली






समापन

# रासेयो ने गोद ग्राम मेड़की में लगाया जागरूकता शिविर

नईदुनिया न्यूज, बालोद : शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने शुक्रवार को गोद ग्राम मेड़की में भारत के सतत विकास के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम और ग्राम पंचायत ओरमा में रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, नशा मुक्ति, कुपोषण दूर करने और मतदाता जागरूकता जैसे सामाजिक मुद्दों पर संदेश दिया।



रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते हुए छात्र-छात्राएं। • नईदुनिया

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने गली-चौराहे, मंदिर, तालाब, स्कूल और मैदानों की सफाई कर स्वच्छ ग्राम-स्वच्छ भारत का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाया। ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता परस साहू ने नशा उन्मूलन के लिए स्वयंसेवकों और ग्रामीणों से शपथ दिलाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजूलता साहू, विशिष्ट अतिथि धनराज साहू, टहल साहू, बालक साहू, मनोहर लाल साहू, होरी लाल साहू, विजय साहू और रोशनी साहू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने एनएसएस के कार्यक्रमों की सराहना की और ग्रामीणों को स्वच्छता और नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथियों ने स्वयंसेवकों के उत्साह की प्रशंसा की।

स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता फैलाई और सही प्रत्याशी चुनकर देश के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। अग्नि वीर जवान विजय साहू ने अपने संघर्ष अनुभव साझा करते हुए युवाओं को मेहनत और धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में जागरूकता फैलाना और युवाओं को अनुशासन, व्यक्तित्व विकास व डिजिटल इंडिया के प्रति प्रेरित करना है। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों और ग्राम पंचायत को शिविर के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक उन्मूलन, जल संरक्षण और सामाजिक सेवा में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनके जन्मदिन और संगीत प्रतिभा (गिटार वादन) के अवसर पर भी उन्हें विशेष सम्मान मिला।

---

**कार्यक्रम : स्वच्छता, नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता पर रैली निकाली**

# एनएसएस ने आयोजित किया एक दिवसीय जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एकदिवसीय जागरूकता शिविर गोद ग्राम मेड़की में आयोजित किया गया।

सभी स्वयंसेवकों के द्वारा गोद ग्राम मेड़की एवं ग्राम पंचायत ओरमा में रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति, नशा मुक्ति के प्रति, कुपोषण दूर करने हेतु, मतदाता जागरूकता जैसे तमाम सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने का प्रयास किया गया। परियोजना कार्य के माध्यम से स्वयंसेवकों ने गांव के गली चौराहे, मंदिर, तालाब, मैदान स्कूल, भवन के आसपास की सफाई कर लोगों में स्वच्छ ग्राम स्वच्छ भारत हेतु संदेश दिया और लोगों को स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया।

रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा मंजूलता परस साहू थी। विशिष्ट अतिथि धनराज साहू, टहल साहू, बालक साहू थे। अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज मनोहर लाल साहू, ग्राम पटेल मेड़की होरी लाल साहू, अग्नि वीर जवान विजय साहू, पंच ग्राम पंचायत ओरमा रोशनी साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय बालोद के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे उपस्थित थे।



**कार्यक्रम में ये रहे शामिल**

कार्यक्रम मे संपूर्ण गतिविधि प्रो जीवन खरे के मार्गदर्शन एवं स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार साहू, राजेंद्र ढीमर, डिलेश्वर देशमुख के अगुवाई में स्वयंसेवक मनीष साहू, चमित, राजेश बक्शी, राम अवतार साहू, राहुल साहू, दीपचंद साहू, विधि चंद्राकर, नकता, सोना, उमा सिंह, विनीता मंडावी, दुलेश्वरी, ललिता, खुशाल, जितेश, कामना साहू, जालेश्वरी साहू, जागृति बारले, रूपेश्वरी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि मंजू लता परस साहू ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना समाज को एक नई दिशा देती है, उन्होंने एनएसएस के जागरूकता कार्यक्रम को बच्चों के द्वारा दिए जा रहे हैं संदेश को सराहा और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति और नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि धनराज साहू ने पंचायत द्वारा इस प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम की अनुमति देने और एकदिवसीय शिविर के सफल संचालन के लिए हर्ष व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि मनोहर लाल साहू ने मतदाता जागरूकता हेतु समस्त ग्राम वासियों को संदेश दिया की मतदाता ही देश के विकास के लिए एक सही नेता चुनते है तो किसी भी प्रकार के बहकावे या लालच मे आकर वोट ना देवे अपने मत का सही उपयोग कर सही प्रत्याशी चुने और देश का विकास करने मे योगदान दे।

अग्नि वीर जवान विजय साहू जी की अपने 8 महीने के प्रशिक्षण से प्रथम बार निवास ग्राम आगमन पर ग्राम मेड़की में स्वागत किया गया, उन्होंने युवाओं से अपील की कि मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे ने कहा कि सभी स्वयंसेवक युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवनी को आत्मसात करते है और व्यक्तित्व विकास करते हुए अनुशासन की महत्ता को भी पहचानते हैं

स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू को सामाजिक समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# स्वच्छता और नशा मुक्ति सहित कई मुद्दों को लेकर निकली रैली

पीपुल्स संवाददाता • बालोद

editor@peoplessamachar.co.in



शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एकदिवसीय जागरूकता शिविर गोद ग्राम मेड़की में शुक्रवार को आयोजित की गई। इसकी थीम थी भारत के सतत विकास के लिए युवाओं को सशक्त बनाना और एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा गोद ग्राम मेड़की एवं ग्राम पंचायत ओरमा में रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति, नशा मुक्ति के प्रति, कुपोषण दूर करने हेतु मतदाता जागरूकता जैसे तमाम सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने का प्रयास किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर एकदिवासीय शिविर में अपना सक्रिय सहयोग दिया। परियोजना कार्य के माध्यम से स्वयंसेवकों ने गांव के गली चौराहे, मंदिर, तालाब, मैदान स्कूल, भवन के आसपास की सफाई की गई। साथ ही लोगों में स्वच्छ ग्राम स्वच्छ भारत का संदेश दिया। ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजूलता परस साहू ने ग्रामीणों को नशा उन्मूलन हेतु शपथ वाचन कराया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजूलता परस साहू सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा, विशिष्ट अतिथि धनराज साहू सेवानिवृत्ति लेखपाल जनपद पंचायत बालोद, टहल साहू सेवानिवृत्ति वन विभाग, बालक साहू सेवानिवृत्त दूर संचार विभाग, मनोहर लाल साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, होरी लाल साहू ग्राम पटेल मेड़की, अग्नि वीर जवान विजय साहू, रोशनी साहू पंच ग्राम पंचायत ओरमा, राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे मौजूद थे।

---

## एनएसएस शिविर: मंदिरों, मैदानों में साफ-सफाई की, रैली भी निकाली

# स्वच्छता, नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

patrika.com




**बालोद.** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एकदिवसीय जागरूकता शिविर ग्राम मेड़की में विगत दिवस किया गया। भारत के सतत विकास के लिए युवाओं को सशक्त बनाना और एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम मेड़की व ग्राम पंचायत ओरमा में रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता, नशा मुक्ति, कुपोषण दूर करने और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

स्वयंसेवकों ने गांव के गली चौराहे, मंदिर, तालाब, मैदान, स्कूल, भवन के आसपास की सफाई कर लोगों को स्वच्छ ग्राम-स्वच्छ भारत का संदेश दिया। ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजूलता परस साहू ने ग्रामीणों, स्वयंसेवकों, पंचायत बॉडी तथा बीएलो की उपस्थिति में नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई।

### कार्यक्रम के संदेशों की सराहना भी की

मुख्य अतिथि ओरमा सरपंच मंजूलता साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज को एक नई दिशा देती है। उन्होंने एनएसएस के जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों के संदेशों को सराहा। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति लेखपाल जनपद पंचायत बालोद धनराज साहू, टहल साहू, बालक साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज मनोहरलाल साहू, होरीलाल साहू, अग्निवीर जवान विजय साहू, पंच रोशनी साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय बालोद के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे मौजूद रहे।

### वरिष्ठ स्वयंसेवक को किया गया सम्मानित

बालोद महाविद्यालय के गौरव राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू को भी स्वच्छता, समाज सेवा, प्लास्टिक उन्मूलन, पर्यावरण प्रदूषण रोकने जागरूकता, जल संरक्षण जैसे तमाम सामाजिक समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. जीएन खरे, देवेंद्र कुमार साहू, गजेंद्र ढीमर, डिलेश्वर देशमुख, स्वयंसेवक मनीष साहू, यमित, राजेश बक्शी, राम अवतार साहू, राहुल साहू, दीपचंद साहू, निधि चंद्राकर, नम्रता, सीमा, उषा सिंह, बिनीता मंडावी, दुलेश्वरी, ललिता, खुसाल, जितेश, कंचन साहू, जागेश्वरी साहू, जागृति बारले, गणेश्वरी आदि मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. जेके खलखो का निर्देशन रहा।

20

# Thank you!

# जय – हिन्द